# बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति (वस्त्र व चर्म), 2022

## चर्चा में क्यों?

26 मई, 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति (वस्त्र व चर्म), 2022 को लागू करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई।

## प्रमुख बिंदु

- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति सहित कुल 18 प्रस्ताव स्वीकृत किये गए।
- प्रदेश के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इस नीति के माध्यम से बिहार वस्त्र व चर्म उद्योग के क्षेत्र में एक हब के रूप में स्थापित होगा।
- बिहार में वस्त्र व चर्म उद्योग में निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों और निवेशकों को राज्य सरकार 10 करोड़ रुपए तक का अनुदान देगी।
- इसके अलावा इन उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को सरकार प्रत्येक महीने तीन हज़ार से लेकर पाँच हज़ार रुपए तक का वेतन सहयोग भी देगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-industrial-investment-promotion-policy-textiles-leather-2022